**राजीव नन्दन एण्ड कं., लखनऊ**
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स

(धनराशि ₹ में)

| विवरण | 31.03.2013 को समाप्त वर्ष के | 31.03.2012 को समाप्त वर्ष के |
|---|---|---|
| **नोट–'17' परिचालन से राजस्व** | | |
| **सेवाओं की बिक्री :** | | |
| पारेषण प्रभार | 12,858,192,345 | 8,927,374,053 |
| खुली पहुँच प्रभार | 209,647,377 | 494,468,071 |
| एस॰एल॰डी॰सी॰ प्रभार | 19,935,222 | 16,299,100 |
| **परिचालन से राजस्व (सकल)** | **13,087,774,944** | **9,438,141,224** |
| घटाया–उत्पाद शुल्क/सेवा कर की वसूली | – | – |
| **परिचालन से राजस्व (शुद्ध)** | **13,087,774,944** | **9,438,141,224** |

(धनराशि ₹ में)

| विवरण | 31.03.2013 को समाप्त वर्ष के | | 31.03.2012 को समाप्त वर्ष के | |
|---|---|---|---|---|
| **नोट–'18' अन्य आय** | | | | |
| **आय पर ब्याज :** | | | | |
| सावधि जमा | 25,405,465 | | 32,489,165 | |
| कर्मचारियों को ऋण | 31790 | | 74,632 | |
| अन्य | 5,996,636 | 31,433,891 | 746,962 | 33,310,759 |
| **अनुरक्षण एव शटडाउन प्रभार** | | 98,200,961 | | – |
| **अन्य अपरिचालन आय** | | | | |
| ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं से आय | | 61,152,088 | | 201,587,515 |
| कर्मचारियों से किराया | | 728,953 | | 535,061 |
| विविध प्राप्तियां | | 15,904,829 | | 39,182,438 |
| प्राप्त सहायकी एवं अनुदान (बाढ़, आग, चक्रवात आदि से हानि) | | – | | 318,404 |
| योग | | **207,420,722** | | **274,934,177** |

| आभा सेठी टण्डन | डा॰ उमा कान्त यादव | ए॰के॰ गुप्ता | एस॰के॰ अग्रवाल | कामरान रिजवी |
|---|---|---|---|---|
| कम्पनी सचिव (अंशकालिक) | उप महाप्रबन्धक (लेखा) | महाप्रबन्धक (लेखा) | निदेशक (वित्त) | अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक |

**राजीव नन्दन एण्ड कं॰, लखनऊ**
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स

(धनराशि ₹ में)

| विवरण | 31.03.2013 को समाप्त वर्ष के | 31.03.2012 को समाप्त वर्ष के |
|---|---|---|
| <u>नोट–'19' कर्मचारी हितलाभ व्यय</u> | | |
| वेतन एवं भत्ते | 1,502,269,489 | 1,697,584,662 |
| महंगाई भत्ता | 1,000,159,208 | 945,514,654 |
| बोनस/अनुग्रह भत्ता | 21,456,864 | 20,902,240 |
| अन्य भत्ते | 107,427,233 | 128,197,817 |
| पेन्शन एवं ग्रेच्युटी | 389,337,546 | 431,486,752 |
| चिकित्सा व्यय (प्रतिपूर्ति) | 11,487,724 | 17,518,054 |
| अवकाश यात्रा सहायता | 17,468 | 1,401,470 |
| उपार्जित अवकाश नकदीकरण | 149,548,061 | 223,523,053 |
| क्षतिपूर्ति | 2,463,754 | 574,551 |
| प्राविडेंट फन्ड एवं अन्य फन्ड में अंशदान | 47,562,534 | 42,445,495 |
| साख पर व्यय | 4,156,759 | 2,794,665 |
| कर्मचारी कल्याण व्यय | 2,005,139 | 2,697,209 |
| सामान्य व्यय (यू॰पी॰पी॰सी॰एल॰ को आरोपनीय) | 211,716,355 | – |
| **उप योग** | **3,449,608,134** | **3,514,640,622** |
| घटायें– पूँजीकृत व्यय | 751,245,205 | 1,232,732,616 |
| **योग** | **2,698,362,929** | **2,281,908,006** |

टिप्पणी–पूर्व वर्ष में रू॰ 26.51 करोड़ का यू॰पी॰पी॰सी॰एल॰ द्वारा भारित सामान्य व्यय, कर्मचारी हित लाभ के सम्बन्धित लेखा शीर्ष में सम्मिलित था। इस वर्ष सामान्य व्यय प्रकटन हेतु अलग से वर्णित किया गया है।

| आभा सेठी टण्डन | डा॰ उमा कान्त यादव | ए॰के॰ गुप्ता | एस॰के॰ अग्रवाल | कामरान रिजवी |
|---|---|---|---|---|
| कम्पनी सचिव (अंशकालिक) | उप महाप्रबन्धक (लेखा) | महाप्रबन्धक (लेखा) | निदेशक (वित्त) | अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक |

**राजीव नन्दन एण्ड कं॰, लखनऊ**
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स

(धनराशि ₹ में)

| विवरण | | 31.03.2013 को समाप्त वर्ष के | | 31.03.2012 को समाप्त वर्ष के |
|---|---|---|---|---|
| **नोट–'20' वित्त व्यय** | | | | |
| (अ) ब्याज व्यय : | | | | |
| **दीर्घावधि ऋण** | | | | |
| उत्तर प्रदेश सरकार | 145,429,392 | | 145,429,392 | |
| पावर वित्त निगम | 2,326,389,805 | | 1,696,492,475 | |
| हुडको | – | | 18,991,697 | |
| एन॰सी॰आर॰पी॰बी॰ | 5,896,661 | | 12,092,308 | |
| आर॰ई॰सी॰ | 4,420,207,670 | 6,897,923,528 | 2,398,747,101 | 4,271,752,973 |
| (ब) **अन्य उधारी लागत** | | | | |
| प्रतिभूति (जमानत) प्रभार | | 29,232,343 | | 27,702,492 |
| बैंक प्रभार | | 417,777 | | 355,373 |
| **उप योग** | | **6,927,573,648** | | **4,299,810,838** |
| **घटाया** : पूंजीकृत व्यय | | 2,618,955,000 | | 1,891,889,000 |
| योग | | **4,308,618,648** | | **2,407,921,838** |

(धनराशि ₹ में)

| विवरण | | 31.03.2013 को समाप्त वर्ष के | | 31.03.2012 को समाप्त वर्ष के |
|---|---|---|---|---|
| **नोट–'21' ह्रास एवं परिशोधन व्यय** | | | | |
| स्थायी परिसम्पत्तियों पर ह्रास : | | | | |
| भवन | 88,893,662 | | 80,299,566 | |
| अन्य जनपदीय कार्य | 7,673,635 | | 7,535,092 | |
| सयंत्र एवं मशीनरी | 2,159,862,660 | | 1,954,853,189 | |
| लाइन केबिल नेटवर्क आदि | 1,615,605,550 | | 1,550,930,668 | |
| वाहन | 1,933,558 | | 3,223,111 | |
| फर्नीचर एवं फिक्सचर्स | 937,027 | | 872,231 | |
| साफ्टवेयर | 1,726,023 | | – | |
| कार्यालय उपस्कर | 3,811,794 | | 2,758,279 | |
| अन्य परिसम्पत्तियां | 33,395,720 | 3,913,839,629 | 37,918,500 | 3,638,390,636 |
| घटाया : उपभोक्ता अंशदान से प्राप्त की गयी परिसम्पत्तियों का भारित ह्रास के अनुपात में परिशोधित धनराशि | | 164,445,201 | | 122,853,573 |
| योग | | **3,749,394,428** | | **3,515,537,063** |

| आभा सेठी टण्डन | डा॰ उमा कान्त यादव | ए॰के॰ गुप्ता | एस॰के॰ अग्रवाल | कामरान रिजवी |
|---|---|---|---|---|
| कम्पनी सचिव (अंशकालिक) | उप महाप्रबन्धक (लेखा) | महाप्रबन्धक (लेखा) | निदेशक (वित्त) | अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक |

**राजीव नन्दन एण्ड कं., लखनऊ**
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स

(धनराशि ₹ में)

| विवरण | | 31.03.2013 को समाप्त वर्ष के | | 31.03.2012 को समाप्त वर्ष के |
|---|---|---|---|---|
| **नोट–'22' प्रशासनिक, सामान्य एवं अन्य व्यय** | | | | |
| **सम्प्रेक्षकों को भुगतान :** | | | | |
| (अ) सम्प्रेक्षा फीस | 666,182 | | 666,182 | |
| (ब) जेब खर्च की प्रतिपूर्ति | 576,125 | 1,242,307 | 586,825 | 1,253,007 |
| विज्ञापन व्यय | | 8,815,243 | | 13,360,172 |
| संचार व्यय | | 16,851,921 | | 18,479,362 |
| परामर्श व्यय | | 119,207 | | 661,094 |
| विद्युत व्यय | | 8,418,024 | | 5,186,440 |
| मनोरंजन व्यय | | 7,500 | | 290,522 |
| धरोहर (साख) पर व्यय | | 187,858 | | 218,707 |
| बीमा | | 300,728 | | 260,905 |
| विधिक व्यय | | 5,283,917 | | 10,927,078 |
| स्थायी परिसम्पत्तियों की चोरी पर हानि | | 84,964 | | – |
| विविध व्यय | | 45,266,577 | | 43,253,550 |
| छपाई एवं लेखन सामग्री | | 6,719,074 | | 6,544,193 |
| दर एवं शुल्क | | 5,411,715 | | 31,130 |
| किराया | | 1,554,571 | | 1,752,239 |
| तकनीकी फीस एवं व्यवसाय प्रभार | | 4,117,103 | | 6,778,028 |
| यात्रा एवं आवागमन | | 41,316,912 | | 38,453,033 |
| जल प्रभार | | 2,578,824 | | 27,707 |
| सामान्य व्यय (यू॰पी॰पी॰सी॰एल॰ को आरोपणीय) | | 12,049,799 | | – |
| **उप योग** | | **160,326,244** | | **147,477,167** |
| **घटाया** : पूंजीगत व्यय | | 95,754,645 | | 60,440,647 |
| **उप योग** | | **64,571,599** | | **87,036,520** |
| प्रतिपूर्ति (स्टाफ के अतिरिक्त) | | – | | – |
| अन्य हानियां | | 86 | | 232,470 |
| **योग** | | **64,571,685** | | **87,268,990** |

टिप्पणी–पूर्व वर्ष में रू॰ 1.74 करोड़ का यू॰पी॰पी॰सी॰एल॰ द्वारा भारित सामान्य व्यय, कर्मचारी हित लाभो को सम्बन्धित लेखा शीर्षो में सम्मिलित था। इस वर्ष प्रकटन हेतु सामान्य व्यय अलग से वर्णित किया गया है।

| आभा सेठी टण्डन | डा॰ उमा कान्त यादव | ए॰के॰ गुप्ता | एस॰के॰ अग्रवाल | कामरान रिजवी |
|---|---|---|---|---|
| कम्पनी सचिव (अंशकालिक) | उप महाप्रबन्धक (लेखा) | महाप्रबन्धक (लेखा) | निदेशक (वित्त) | अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक |

**राजीव नन्दन एण्ड कं॰, लखनऊ**
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स

(धनराशि ₹ में)

| विवरण | | 31.03.2013 को समाप्त वर्ष के | | 31.03.2012 को समाप्त वर्ष के |
|---|---|---|---|---|
| **नोट–'23' मरम्मत एवं अनुरक्षण व्यय** | | | | |
| संयत्र एवं मशीनरी | | 1,191,503,667 | | 994,621,426 |
| भवन | | 56,111,488 | | 45,305,747 |
| अन्य जानपदीय कार्य | | 1,396,683 | | 86,850 |
| लाइन, केबिल नेटवर्क आदि | | 179,746,167 | | 147,528,003 |
| वाहन–व्यय | 46,522,176 | | 40,636,988 | |
| घटाया : विभिन्न पूंजीगत/ओ॰ एण्ड एम॰ | 46,522,176 | – | 40,636,988 | – |
| कार्य एवं प्रशासनिक व्यय | | | | |
| फर्नीचर एवं फिक्सचर्स | | 65,020 | | 10243 |
| साफ्टवेयर | | 1,746,470 | | – |
| कार्यालय उपस्कर | | 795,998 | | 410,258 |
| **योग** | | **1,431,365,493** | | **1,187,962,527** |

(धनराशि ₹ में)

| विवरण | 31.03.2013 को समाप्त वर्ष के | 31.03.2012 को समाप्त वर्ष के |
|---|---|---|
| **नोट–'24' अशोध्य ऋण एवं प्राविधान** | | |
| संदिग्ध अग्रिम (आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार) | – | 747,721 |
| चालू परिसम्पत्तियों से ऊपर संदिग्ध (प्राप्य) | – | 570,134 |
| पूंजीगत कार्यो के विरूद्ध संदिग्ध अग्रिम | – | 419,727,185 |
| **योग** | **–** | **421,045,040** |

| आभा सेठी टण्डन | डा॰ उमा कान्त यादव | ए॰के॰ गुप्ता | एस॰के॰ अग्रवाल | कामरान रिजवी |
|---|---|---|---|---|
| कम्पनी सचिव (अंशकालिक) | उप महाप्रबन्धक (लेखा) | महाप्रबन्धक (लेखा) | निदेशक (वित्त) | अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक |

**राजीव नन्दन एण्ड कं॰, लखनऊ**
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स

(धनराशि ₹ में)

| विवरण | 31.03.2013 को समाप्त वर्ष के | 31.03.2012 को समाप्त वर्ष के |
|---|---|---|
| नोट–'25' शुद्ध पूर्वावधि आय/व्यय | | |
| **(अ) आय** | | |
| ब्याज आय | – | 2,259,625 |
| अन्य आय | (783321972) | (150,258) |
| अन्य आधिक्य प्रावधान | 40,000 | 177,571,300 |
| **उप योग (अ)** | **(783,281,972)** | **179,680,667** |
| **(ब) व्यय** | | |
| परिचालन एवं मरम्मत व्यय | 3,528,121 | 52,312,673 |
| कर्मचारी लागत | 6,543,401 | 6,700,400 |
| ब्याज एवं वित्त प्रभार | 9,219,016 | 345,164,556 |
| प्रशासनिक एवं सामान्य व्यय | 3,374,766 | 10,479,130 |
| ह्रास कम/अधिक प्रावधानित | 7,511,163 | 103,279,911 |
| उप योग (ब) | **30,176,467** | **517,936,670** |
| शुद्ध धनराशि (अ–ब) | **(813,458,439)** | **(338,256,003)** |

| आभा सेठी टण्डन | डा॰ उमा कान्त यादव | ए॰के॰ गुप्ता | एस॰के॰ अग्रवाल | कामरान रिजवी |
|---|---|---|---|---|
| कम्पनी सचिव (अंशकालिक) | उप महाप्रबन्धक (लेखा) | महाप्रबन्धक (लेखा) | निदेशक (वित्त) | अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक |

**राजीव नन्दन एण्ड कं॰, लखनऊ**
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स

# नोट–26 (अ)
# महत्वपूर्ण लेखीय नीतियाँ

**1). सामान्य**

(अ) वित्तीय विवरण कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अनुसार बनाये जाते हैं। फिर भी इन लेखों को बनाने में जहाँ कहीं कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों से विचलन है, विद्युत (आपूर्ति) (वार्षिक लेखों) के नियम 1985 के संगत प्रावधानों को अंगीकार किया है।

(ब) लेखे ऐतिहासिक लागत परिपाटी के अनुसार प्रोदभूत आधार पर, जब तक कि अन्यथा वर्णित न हो बनाये जाते है और लेखीय परिकल्पना के आधार पर कि व्यापार चलता रहेगा।

(स) सहायिकी, अनुदान, बीमा एवं अन्य दावे, सीमा शुल्क की वापसी, आय–कर एवं व्यापार कर पर ब्याज का लेखांकन नकद आधार पर किया जाता है। कर्मचारियों को ऋणों पर ब्याज का लेखांकन मूलधन की वापसी के पश्चात प्राप्ति के आधार पर किया जाता है।

**2). स्थायी परिसम्पत्तियाँ**

(अ) स्थायी परिसम्पत्तियाँ संचयी ह्रास के पश्चात् ऐतिहासिक मूल्य पर दिखायी जाती हैं।

(ब) सम्पत्तियों को प्राप्त करने एवं परिचालन करने की तिथि तक सभी लागत पूंजीकृत की जाती हैं।

(स) पूंजीगत परिसम्पत्तियों के लिए प्राप्त उपभोक्ता अंशदान प्रारम्भ में पूंजीगत कोष माना जाता है एवं तत्पश्चात सम्बन्धित परिसम्पत्ति को भारित ह्रास के अनुपात में परिशोधित कर दिया जाता है।

(द) परिचालित की गयी परिसम्पत्तियों के मामलो में, जहाँ ठेकेदार के बिलों का अन्तिम निस्तारण होना बाकी हो, पूंजीकरण इस शर्ताधीन किया जाता है कि आवश्यक समायोजन निस्तारण के अन्तिम वर्ष में कर दिया जायेगा।

(य) कार्यकारी इकाइयों की अधिकता के साथ–साथ किसी का पूंजीकरण इकाई विशेष स्तर पर कार्यो की अधिकता के कारण कर्मचारी लागत एवं सामान्य एवं प्रशासनिक व्ययों, पूंजीगत कार्यो पर हुए कुल व्यय पर निम्नानुसार किया जाता है।

**पूंजीगत पारेषण कार्यों के लिए**

(i) @ 10% 132 एवं 220 के0वी0 उपसंस्थानों एवं लाइनों पर

(ii) @ 8% 400 के0वी0 उपसंस्थानों एवं लाइनों पर एवं

(iii) @ 6% 765 के0वी0 उपसंस्थानों एवं लाइनों पर

निक्षेप कार्यों पर 15% एवं अन्य पूंजीगत कार्यों पर 11%

(र) पूंजीगत परिसम्पत्तियों की निर्माण अवधि में उधारी लागत को पूंजीगत परिसम्पत्तियों के वर्ष के दौरान पूंजीगत कार्यों की प्रगति, के औसत अवशेष के आधार पर बांटा जाता है। पूंजीगत कार्यों पर आरोपणीय उधारी लागत को विद्युत (आपूर्ति) (वार्षिक लेखें) नियम 1985 में दी गयी गणना की विधि के अनुसार निर्धारित किया जाता है।

**3). ह्रास**

(अ) ह्रास कम्पनी अधिनियम 1956 की अनुसूची–(XIV) में दी गयी दरों के अनुसार ह्रास का भारण सीधी रेखा पद्धति के अनुसार भारित किया जाता है।

(ब) वर्ष के दौरान स्थायी परिसम्पत्तियों में हुए परिवर्धनों/कमियों पर ह्रास का भारण यथानुपात किया जाता है।

(स) स्थायी परिसम्पत्तियों को मूल लागत के 95% तक ह्रासित किया जाता है।

**4). <u>भण्डार एवं कल पुर्जे</u>**

(अ) भण्डार एवं कलपुर्जों का मूल्यांकन लागत के आधार पर किया जाता है।

(ब) स्टील रद्दी सामान का मूल्यांकन वसूली योग्य मूल्य पर किया जाता है तथा स्टील रद्दी सामान के अतिरिक्त का लेखो में लेखांकन जब भी बेचा जाता है तब किया जाता है।

(स) वर्ष में भण्डार में पायी गयी कमी/आधिक्य को भण्डार कमी /आधिक्य के रूप में जांच हेतु लम्बित के रूप में, जब तक जांच पूरी न हो जाये दिखाया जाता है।

**5). <u>राजस्व मान्यता</u>**

(अ) ऊर्जा के अन्तर पारेषण को राजस्व लेखों में यू॰पी॰ई॰आर॰सी॰ द्वारा अनुमोदित दर सूची के आधार पर समाविष्ट किया जाता है। यू॰पी॰ई॰आर॰सी॰ द्वारा अनुमोदित दर सूची एवं ट्रू–अप में वास्तविक दर–सूची में दर्शाये गये अन्तर को सम्प्रेक्षित लेखो के आधार पर ट्रू–अप पर यू॰पी॰ई॰आर॰सी॰ के निर्णय के अनुसार लेखांकित किया जाता है।

(ब) अन्तर राज्यीय पारेषण के सन्दर्भ में ऊर्जा के पारेषण /खुली पहुॅच की मान्यता/लेखांकन एन॰आर॰एल॰डी॰ओ॰ द्वारा अनुमोदित दरों पर नकद आधार पर किया जाता है।

**6).** सभी पूर्वावधि आय/व्यय चालू अवधि में एक सुस्पष्ट मद के रूप में दर्शाये जाते हैं।

**7). <u>कर्मचारी लाभ</u>**

(अ) कर्मचारियों की पेन्शन एवं ग्रेच्युटी का निर्धारण बीमांकक मूल्यांकन के आधार पर किया गया है एवं इसका लेखांकन प्रोद्भूत आधार पर किया गया है।

(ब) अवकाश नकदीकरण, चिकित्सा लाभ एवं एल॰टी॰सी॰ का लेखांकन वर्ष में प्राप्त हुए दावों तथा अनुमोदित किये गये दावों के आधार पर किया गया है।

**8). <u>प्रावधान, प्रासंगिक दायित्व एवं परिसम्पत्तियाँ</u>**

(अ) प्रावधानों का लेखांकन अनुमानित व्ययों के आधार पर, जहाँ तक सम्भव हो सके, अनुमानित दायित्वों के निपटारे हेतु किया गया है।

(ब) प्रासंगिक दायित्वों का प्रकटन लेखों पर टिप्पणियों में किया गया है।

(स) वसूल न होने योग्य प्रासंगिक परिसम्पत्तियों से आय को मान्यता नहीं दी गयी है।

| आभा सेठी टण्डन | डा॰ उमा कान्त यादव | ए॰के॰ गुप्ता | एस॰के॰ अग्रवाल | कामरान रिजवी |
|---|---|---|---|---|
| कम्पनी सचिव (अंशकालिक) | उप महाप्रबन्धक (लेखा) | महाप्रबन्धक (लेखा) | निदेशक (वित्त) | अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक |

इसी तिथि की हमारी रिर्पोट की शर्ताधीन

**कृते राजीव नन्दन एण्ड कं॰**

चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स

**पवन कुमार अग्रवाल**

साझीदार

एम॰नं॰ 073070

एफ॰आर॰नं॰ 003347सी

स्थान : लखनऊ

दिनांक : 17–04–2014

## नोट–26 (ब)

### दिनांक 31 मार्च, 2015 के आर्थिक चिट्ठे एवं इसी दिनांक को समाप्त हुए वर्ष के लाभ एवं हानि विवरण पर लेखों के साथ संलग्न टिप्पिणियां जो उसका अभिन्न अंग है :–

1. (अ) उत्तर प्रदेश पावर टांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड (यू॰पी॰पी॰टी॰सी॰एल॰) के वर्तमान स्वरूप का गठन, जब यू॰पी॰ शासन के पत्र संख्या 293 दिनांक 16.05.2006 के अनुपालन में पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड (दिनांक 31.05.2004 को गठित) दिनांक 13.07.2006 को स्मृति–पत्र का नाम एवं उद्देश्य बदलकर दिया गया।

(ब) राज्य सरकार ने राजपत्र अधिसूचना सं॰ 2974(1) 24–पी–2–2010 दिनांक दिसम्बर 23, 2010 द्वारा अनन्तिम अन्तरण योजना अधिसूचित की जिसका उद्देश्य पारेषण क्रियाकलापों को यू॰पी॰ पावर कारपोरेशन लि॰ (यू॰पी॰पी॰टी॰सी॰एल॰) से उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि॰ (यू॰पी॰पी॰टी॰सी॰एल॰) को अन्तरित करना था, जिसमें व्यापार का कार्यक्षेत्र यू॰पी॰पी॰टी॰सी॰एल॰ की परिसम्पत्तियों एवं दायित्व नैमितिक एवं आनुषंगिक मामलो का विवरण दिया गया था। अनन्तिम अन्तरण योजना की प्रभावी तिथि 01.04.2007 परिभाषित की गयी थी। इस तिथि से यू॰पी॰पी॰सी॰एल॰ ने पारेषण एवं सम्बन्धित क्रियाकलापों के लिए स्वतंत्र अस्तित्व की तरह कार्य करना प्रारम्भ कर दिया था। विद्युत आपूर्ति अधिनियम 2003 की धारा 39 के अनुसार यू॰पी॰पी॰टी॰सी॰एल॰ एक राज्य उपयोगिता है।

अधिसूचना संख्या 2974/XXIV–पी–2–2010 दिनांक दिसम्बर 23, 2010 द्वारा राज्य सरकार ने अनन्तिम अन्तरण योजना भी अपने कर्मियों एवं पारेषण उपक्रमों की कार्यवाहियों से सम्बन्धित अधिसूचित की है। योजना को इसके लिए अन्तिम रूप दिया जाना प्रक्रिया में है।

(स) पुनर्संरचना खाते की धनराशि रु॰ 180.70 करोड़ (पूर्व वर्ष 80.72 करोड़)को वर्ष 2007–08 में कोष एवं अग्रिम में दिखाया गया था यह 01.04.2007 को इकाईवार अवशेष एवं अनन्तिम अंतरण योजना मे समेकित अवशेषों में अन्तर से सम्बन्धित है। योजना की अन्तिमीकरण प्रक्रिया में है।

2. (अ) सम्बन्धित इकायों द्वारा सूचित किया गया है कि प्रारम्भ से आपूर्तिकर्त्ताओं /ठेकेदारों को पूंजीगत अनुरक्षण एवं मरम्मत कार्यों, हेतु किये गये अग्रिम भुगतान में अशोध्य ऋण का कोई प्रकरण नहीं है इसीलिए वर्ष में ''संदिग्ध ऋणों एवं अग्रिमों'' हेतु 10 प्रतिशत की दर से कोई प्रावधान नहीं किया गया है जिसके कारण लाभ के घटने एवं आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों दोनों को किये गये भुगतान में अन्यथा 27.18 करोड़ की कमी का प्रभाव डालता। फलस्वरूप, ''संदिग्ध ऋणों एवं अग्रिमों'' पर किये जाने वाले प्रावधान को बन्द कर दिया गया है।

(ब) उपरोक्त 2(अ) में दी गयी स्थिति के परिप्रेक्ष्य में संदिग्ध प्राप्यों के लिए ''कर्मचारियों'' एवं ''अन्यों'' के लिए अन्य चालू सम्पत्तियों के शीर्ष में कोई प्रावधान नहीं किया गया है जिसका अन्यथा प्रभाव लाभ के घटने एवं ''कर्मचारियों एवं अन्य से प्राप्यों'' की कमी 0.07 करोड़ रूपये (दोनों पर) से पड़ता।

3. वित्तीय वर्ष 2011–12 तक विलम्बित या अन्यथा चालू पंजीगत कार्यो एवं पूंजीगत आपूर्तिकर्ताओं पर ली जाने वाली पेनाल्टी को आय के रूप में दर्शाया जाता था जिसे अब वापिस ले लिया गया है तथा आर्थिक चिट्ठे में या तो निक्षेय एवं रोकी गयी धनराशि ''आपूर्तिकर्ताओं एवं अन्य से'' (टिप्पणी सं॰–7 अन्य चालू सम्पत्तियों) से दर्शाया गया है

जिसे आगामी वर्षो के सम्बन्धित कार्यो/संविदाओं में समायोजित कर लिया जायेगा या इसे सम्बन्धित कार्यो की पूंजीगत लागत में कम कर दिया जायेगा। इसका प्रभाव चालू दायित्वों में रु॰ 50.12 करोड़ की वृद्धि, पूंजीगत कार्य प्रगति में रू॰ 23.93 करोड़ की कमी एवं पूर्वावधि अन्य आय में 74.05 करोड़ की कमी के रूप में दर्शित हो रहा है।

4. (अ) अन्तर इकाई लेन–देन : अन्तर इकाई लेन–देन रु॰ 97.53 करोड़ (डेबिट) जो आर्थिक चिट्ठे में दिखाया गया है (पूर्व वर्ष क्रेडिट अवशेष रु॰ 56.46 करोड़) समाधान प्रक्रिया में है तथा समाधान का प्रभाव, यदि कोई हुआ, का लेखांकन आने वाले वर्षों में किया जायेगा।

(ब) अन्तर कारपोरेशन लेन–देन : अन्तर कारपोरेशन लेन देनों रु॰ 53.12 करोड़ (क्रेडिट) जो आर्थिक चिटठे में दर्शायी गयी (पूर्व वर्ष 91.57 करोड़ क्रेडिट अवशेष) का समाधान प्रक्रिया में है और समाधान का प्रभाव, यदि कोई होगा, का लेखांकन आने वाले वर्षो में किया जायेगा।

5. जहाँ कही त्यागी गयी/सेवा कार्य से अलग की गयी। अप्रचलित स्थायी सम्पत्ति की ऐतिहासिक लागत उपलब्ध न हो, ऐसी परिसम्पत्ति की अनुमानित लागत एवं उस पर ह्रास का समायोजन एवं लेखांकन कर लिया गया है।

6. समग्र रूप से स्थायी परिसम्पत्तियों का मूल्य व्यवसाय की साधारणतया उनके आर्थिक चिट्ठे में दर्शाये गये मूल्य के बाराबर ही होता है।

7. एम॰एस॰एन॰डी॰ अधिनियम, 2006 के अनुपालन के सम्बन्ध में न तो इस अधिनियम के अन्तर्गत आने वाले उपक्रमों द्वारा अदत्त दायित्वों का विवरण यू॰पी॰पी॰टी॰सी॰एल॰ के अन्तर्गत इकाइयों द्वारा सूचित किया गया है और न ही अदत्त धनराशियों पर उपक्रमों द्वारा कोई ब्याज का दावा किया गया है और इसीलिए वार्षिक विवरण में ऐसे विशिष्ट अदत्त धनराशियों का ब्याज सहित विवरण देना वांछित नहीं है फिर भी अधिनियम के प्रावधानों को अनुपालन करने के लिए विशिष्ट तथा यथार्थ होने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश सभी संघटक इकाइयों को भेज दिये गये हैं।

8. अन्तर राज्यों से सम्बन्धित ऊर्जा पारेषण का लेखांकन यू॰पी॰ई॰आर॰सी॰ द्वारा अनुमोदित दर यथा 0.174 के॰डब्लू॰एच॰ के आधार पर किया गया है।

9. एस॰एल॰डी॰सी॰ के पृथक कार्य के भाग के रूप में, कम्पनी एस॰एल॰डी॰सी॰ के लेखों का रख–रखाव अलग से कर रही है। एस॰एल॰डी॰सी॰ से सम्बन्धित टिप्पणी 17 में अलग से दिये गये प्रभारों का ब्यौरा नीये दिया गया है

धनराशि ₹ में

| विवरण | 31-03-2013 को समाप्त हुए वर्ष के लिए | 31-03-2012 को समाप्त हुए वर्ष के लिए |
|---|---|---|
| वार्षिक प्रभार | 8000000 | 6300050 |
| आवेदन शुल्क/सहमति शुल्क | 2185000 | 925000 |
| विविध आय | 72156 | 287050 |
| एस.एल.डी.सी. प्रभार | 9678066 | 8787000 |
| **योग** | **19935222** | **16299100** |

10. सम्प्रेक्षक का पारिश्रमिक :

| विवरण | 31-03-2013 को समाप्त हुए वर्ष के लिए | 31-03-2012 को समाप्त हुए वर्ष के लिए |
|---|---|---|
| वैधानिक सम्प्रेक्षक सम्प्रेक्षण फीस के तौर पर (सर्विस टैक्स जहाँ कहीं लागू हो) | 666182 | 666182 |
| जेब व्यय की प्रतिपूर्ति | 576125 | 586825 |
| **योग** | **1242307** | **1253007** |

11. विदेशी मुद्रा में आय/व्यय :

| | विवरण | 31-03-2013 को समाप्त हुए वर्ष के लिए | 31-03-2012 को समाप्त हुए वर्ष के लिए |
|---|---|---|---|
| (अ) | आयात का सी.आई.एफ. कीमत | शून्य | शून्य |
| (ब) | विदेशी मुद्रा में उपार्जन | शून्य | शून्य |
| (स) | विदेशी मुद्रा में अन्य व्यय | | |
| | यात्रा व्यय (यू॰एस॰डी॰) | 892 | – |
| | यात्रा व्यय (आर॰एम॰बी॰) | – | – |
| | परामर्शी प्रभार (यू॰एस॰डी॰) | – | 404673 |
| | **योग** | **892** | **404673** |

12 (अ) बीमांकक रिपोर्ट दिनांक 09.11.2000 के आधार पर (यू॰पी॰पी॰सी॰एल॰ के निदेशक मंडल द्वारा अंगीकृत) पेन्शन एवं ग्रेच्युटी की प्रोद्भूत दायित्व हेतु प्रावधान मूल वेतन एवं ग्रेड पे प्लस महंगाई भत्ते के योग पर क्रमशः 16.70% एवं 2.38% की दर से किया गया है। कम्पनी ने बीमांकक रिपोर्ट लेने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है ताकि पेन्शन एवं गेच्युटी के दायित्व की नये सिरे से मान्यता हो सके।

(ब) अवकाश नकदीकरण, चिकित्सा लाभ एवं एल॰टी॰सी॰ का लेखांकन वर्ष के दौरान प्राप्त हुए अनुमोदित दावों के आधार पर किया जाता है।

13. क्योंकि कारपोरेशन मुख्यतः ऊर्जा के पारेषण का कार्य कर रहा है और लेखीय मानकता के अनुसार अन्य कोई सूचनीय खण्ड नहीं है, इसलिए लेखीय मानक–17 के अनुसार खण्डवार प्रकटन आवश्यक नहीं है। फिर भी एस॰एल॰डी॰सी॰ के लेन–देनों से सम्बन्धित क्रियाकलापों का वर्णन विशेष रूप से प्रस्तर–9 में विस्तार से किया गया है।

14. **सम्बन्धित पक्ष की सूचना :–**

इंस्टीटयूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स द्वारा जारी लेखीय मानक–18 के अनुसार कम्पनी से सम्बन्धित पक्ष निम्नलिखित है–

**(अ) <u>सम्बन्धित पक्षों की लिस्ट (शीर्ष प्रबंधन कार्यकर्त्ता)</u> :**

1. शीर्ष प्रबंधन कार्यकर्ता एवं उनके सम्बन्धी

| नाम | पदनाम | कार्यावधि (वित्तीय वर्ष 2012–13 के लिए) | |
|---|---|---|---|
| | | नियुक्ति | सेवानिवृत्ति / समाप्ति 31-03-2013 को |
| श्री संजीव मित्तल | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक | 16.01.2013 | 23.01.2013 |
| श्री संजीव मित्तल | अध्यक्ष | 23.01.2013 | 08.02.2013 |
| श्री आलोक कुमार | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक | 08.02.2013 | कार्यरत |
| श्री ए॰के॰ अवस्थी | प्रबंध निदेशक | 30.03.2012 | 30.07.2012 |
| श्री ए॰के॰ गुप्ता | प्रबंध निदेशक | 31.07.2012 | 16.01.2013 |
| श्री धीरज साहू | प्रबंध निदेशक | 23.01.2013 | 08.02.2013 |
| श्री एस॰के॰ अग्रवाल | निदेशक (वित्त) | 09.01.2009 | कार्यरत |
| श्री नील रतन कुमार | निदेशक | 06.10.2010 | कार्यरत |
| श्री एस॰के॰ गुप्ता | निदेशक | 07.06.2011 | कार्यरत |
| श्री रवि शंकर पांडे | निदेशक (कार्मिक) | 21.11.2011 | कार्यरत |
| श्री अशोक कुमार सिंह | निदेशक (परिचालन) | 21.11.2011 | कार्यरत |
| श्री सुनील कुमार गर्ग | निदेशक (कार्य संयोजन) | 21.11.2011 | कार्यरत |
| श्री ओ॰पी॰ जैन | निदेशक (वाणिज्य) | 25.11.2011 | कार्यरत |
| श्री प्रभाकर सिंह | निदेशक | 11.12.2012 | कार्यरत |

(ब) लेनदेन :

| विवरण | 2012–13 | 2011–12 |
|---|---|---|
| | (अ) (i) में सन्दर्भित | (अ) (i) में सन्दर्भित |
| वेतन एवं भत्ते | 5977764 | 1025473 |
| ग्रेच्युटी / पेन्शन / भविष्य निधि के लिए अंशदान | 209117 | 98300 |
| निदेशकों से प्राप्त ऋण | – | – |

(स) अध्यक्ष, प्रबन्ध निदेशक एवं अन्य निदेशक जिनकी नियुक्ति / मनोनयन उ॰प्र॰ शासन द्वारा यू॰पी॰पी॰सी॰एल॰ के लिए किया गया है और जिसके पास कम्पनी का अतिरिक्त कार्यभार भी है और उन्होंने अपना पारिश्रमिक अपने अधिकार के अनुसार यू॰पी॰पी॰सी॰एल॰से प्राप्त किया है।

(द) कम्पनी के कोई सम्बन्धित पार्टी उपक्रम नहीं है सिवाय राज्य नियंत्रित उपक्रमों के और उनका विवरण / लेन–देनों का प्रकटन लेखीय मानक–18 के प्रस्तर–9 के उद्देश्य से नहीं किया गया है जो राज्य नियंत्रित उपक्रमों को किन्हीं अन्य सम्बन्धित पक्षों, जो स्वयं भी नियंत्रित है, ऐसा प्रकटन करने से मुक्त करता है।

15. प्रति अंश मौलिक एवं घुलित उपार्जन लाभ एवं हानि खाते में लेखीय मानक–20 (ई॰पी॰एस॰) के अनुसार दिखाये गये हैं। प्रति अंश मौलिक उपार्जन की गणना, कर के पश्चात शुद्ध हानि को वर्ष में समता अंशो के भारित औसत

से भाग करके निकाला गया है। प्रति समता अंश घुलित उपार्जन की गणना करने में समता अंश धनराशि (जो आवंटन हेतु लम्बित है) भी सम्मिलित है।

(धनराशि ₹ में)

| | विवरण | 31.03.2013 को समाप्त हुए वर्ष के लिए | 31.03.2012 को समाप्त हुए वर्ष के लिए |
|---|---|---|---|
| (i) | मौलिक ई.पी.एस. | | |
| | लाभ एवं हानि खाते के अनुसार कर के पश्चात लाभ (अ) | 229424044 | (526824066) |
| | औसत भारित समता अंशों की संख्या (ब) | 28496933 | 4335500 |
| | प्रति अंश मौलिक उपार्जन (अ/ब) | 8.05 | (121.51) |
| | प्रति अंश प्रत्यक्ष मूल्य | 1000 | 1000 |
| (ii) | घुलित ई.पी.एस. | | |
| | कर के पश्चात लाभ एवं हानि खाते के अनुसार (अ) | 229424044 | (526824066) |
| | औसत भारित समता अंशों की संख्या (ब) | 47330933 | 42497977 |
| | तनुकृत उपार्जन प्रति अंश (अ/ब) | 4.85 | (12.40) |
| | प्रति अंश प्रत्यक्ष मूल्य | 1000 | 1000 |

16. आस्थगित कर परिसम्पत्तियों का लेखांकन विवेकानुसार विचारित नहीं किया गया क्योंकि कम्पनी को निकट भविष्य में सारगर्भित आय की आशा नहीं है क्योंकि असमाहित संचयी हानियाँ रू0 1123.86 करोड़ की है। इसमें संचयी हानियां रू0 976.27 भी सम्मिलित है जिसे यू0पी0पी0सी0एल0 ने अनन्तिम अन्तरण योजना के अर्न्तगत अन्तरित किया है एवं 57.88 करोड़ की संचयी हानियां, जो वित्तीय वर्ष 2011–12 से पूर्व की अन्तरण योजना में डेबिट की गयी हैं। उपर्युक्त अन्तरण योजना के अन्तर्गत हस्तान्तरक (उ0प्र0पा0का0लि0) से हस्तान्तरी (उ0प्र0पा0ट्र0का0लि0) को पारेषण उपक्रमों का हस्तान्तरण, आय कर अधिनियम, 1961 की धारा–2 (19एए) के अभिप्राय से हस्तान्तरक का अविलीनीकरण हो जायेगा।

17. मौलिक लेखीय सिद्धान्तों एवं नीतियों के अनुलग्नक–III में दिये गये प्रावधानों के अनुसार, जो विद्युत (आपूर्ति) अधिनियम, वार्षिक लेखों में नियम 1985 के साथ संलग्न है, प्रावधानित करता है ''कि निगम की स्थायी परिसम्पत्तियों का लेखीय पुस्तकों में अभिलेखन किया जायेगा एवं इनका प्रकटन वार्षिक लेखों में ऐतिहासिक लागत पर तैयार किया जायेगा। इस नीति की यह मंशा है कि स्थायी परिसम्पत्तियों का पुनर्मूल्यांकन, इसके पुनर्स्थापन लागत, चालू लागत, के अनुसार समायोजन की दृष्टि से नहीं किया जायेगा। इसी प्रकार पुनर्स्थापन लागत पर ह्रास भी अनुमन्य नहीं होगा'' जो विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों के अनुरूप है।

इस प्रकार लेखीय मानक–28 के अनुसार परिसम्पत्तियों का पुनर्मूल्यांकन, अगर परिसम्पत्तियों की आगे ले जानी वाली लागत को निर्धारित करने हेतु किया जाये, तो इसका प्रभाव विद्युत (आपूर्ति) (वार्षिक लेखे) नियम 1985 के उल्लंघन के रूप में हो सकता है। इसलिए मौलिक लेखीय नीतियाँ अनुलग्नक–III में दिये गये प्रावधानों का अनुपालन किया गया हैं।

18. वर्ष मे पारेषित/चक्रीय ऊर्जा 73897.657156 मि॰यू॰ (पूर्व वर्ष –70371–050500 मि॰यू॰)

**19.** आकस्मिक दायित्व एवं पूंजीगत वचनबद्धता (निश्चयात्मकता होने की सीमा तक एवं प्रावधानित न किये गये)

(धनराशि ₹ में)

| | विवरण | 31.03.2013 को | 31.03.2012 को |
|---|---|---|---|
| (i) | पूंजीगत कार्यो के असम्पादित ठेके जिनके लिये कोई प्रावधान नहीं किया गया | 1098.82 | 1033.44 |
| (ii) | कम्पनी के विरूद्ध अन्य दावे जिन्हें ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया | 21.14 | 29.85 |
| | **योग** | **1119.96** | **1063.29** |

उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य दायित्व, निगम के विरूद्ध कर्मचारियों द्वारा दायर किये गये दावों के साथ–2 अन्य पक्षों द्वारा दायर दावों, यदि कोई हों, जिनका अभिनिश्चय न किया जा सके, उनका निपटारा उनके उद्भूत होने पर किया जायेगा।

**20.** लेखीय मानक–29 के अनुसार प्रकटन निम्न प्रकार है

| विवरण | प्रविधानों की संचलन | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 01-04-2012 को अवशेष ₹ | वर्ष के दौरान किया गया प्रावधान ₹ | वर्ष के दौरान समायोजित किये गये प्रावधान ₹ | 31-03-2013 को अवशेष ₹ |
| पूँजीगत कार्यो के लिए किये गये संदिग्ध अग्रिमों के लिए प्राविधान | 816729862 | – | – | 816729862 |
| अप्रचलित/निरर्थक/कमियों एवं भण्डार की हानि के लिए प्रावधान | 405415836 | – | 3167 | 405412669 |
| संदिध प्राप्यों के लिए प्रावधान | 32263833 | – | – | 32263833 |
| स्थायी परिसम्पत्तियों के चोरी के लिए प्रावधान | 1045672 | 84964 | – | 1130636 |
| ओ॰ एण्ड एम॰ कार्यों हेतु दिये गये संदिग्ध अग्रिमों के विरूद्ध प्रावधान | 39917855 | – | – | 39917855 |
| **योग** | **1295373058** | **84964** | **3167** | **1295454855** |

21 पूर्व वर्ष के आंकड़े जहां कहीं उचित समझा गया, का पुनः वर्गीकरण /एकीकरण एवं दोबारा गणना की गयी है।

22 आर्थिक चिट्ठे, लाभ हानि विवरण तथा लेखों पर टिप्पणियों के आंकड़ों को निकटतम रूपये तक पूर्णांकित किया गया है।

| आभा सेठी टण्डन | डा॰ उमा कान्त यादव | ए॰के॰ गुप्ता | एस॰के॰ अग्रवाल | कामरान रिजवी |
|---|---|---|---|---|
| कम्पनी सचिव (अंशकालिक) | उप महाप्रबन्धक (लेखा) | महाप्रबन्धक (लेखा) | निदेशक (वित्त) | अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक |

इसी तिथि की हमारी रिर्पोट की शर्ताधीन

स्थान : लखनऊ
दिनांक : 17–04–2014

**कृते राजीव नन्दन एण्ड कं.**
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स
**पवन कुमार अग्रवाल**
साझीदार
एम॰नं॰ 073070
एफ॰आर॰नं॰ 003347सी

## 31-03-2013 को समाप्त हुए वर्ष के लिए रोकड़ प्रवाह विवरण

(धनराशि ₹ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए | 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए |
|---|---|---|---|
| (अ) | **परिचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह** | | |
| | पूर्वावधि आय/व्यय के पूर्व शुद्ध लाभ (हानि) कर लेकिन असमान्य मदों के पश्चात् | 1,042,882,483 | (188,568,063) |
| | जोड़े स्थायी परिसम्पत्तियों की चोरी पर हानि | 84,964 | – |
| | पूर्वावधि आय/व्यय से पूर्व शुद्ध लाभ (हानि) लेकिन असमान्य मदों से पूर्व | 1,042,967,447 | (188,568,063) |
| | **निम्न के लिए समायोजन** | | |
| (अ) | ह्रास | 3,936,605,026 | 3,750,089,062 |
| (ब) | ब्याज एवं वित्त प्रभार | 4,308,618,648 | 2,407,921,838 |
| (स) | अशोध्य एवं संदिग्ध ऋण | – | 421,045,040 |
| (द) | अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान लेखों में वापस लिये गये (व्यापार प्राप्य) | | (177,571,300) |
| (य) | अप्रचालित/निरर्थक/कमियों/भण्डार की हानि समायोजित के लिए प्रावधान | (3167) | (82,036) |
| (र) | अनुमानित हानियों के लिए प्रावधान | 84,964 | – |
| (ल) | ब्याज आय | (31,433,891) | (33,310,760) |
| (व) | पूर्वावधि व्यय (शुद्ध) | (813,458,439) | (338,256,003) |
| (द) | अन्तरण योजना से पूर्व संचयी हानि | – | (578,792,872) |
| | **कार्यशील पूंजीगत परिवर्तनों से पूर्व परिचालन लाभ** | **8,443,380,588** | **5,262,474,906** |
| | निम्न के लिए समायोजन | | |
| (अ) | भंडार सूची में कमी/(बढ़ोतरी) के लिए | (859,659,013) | (1,679,691,708) |
| (ब) | व्यापारिक प्राप्यों से कमी/(बढ़ोतरी) के लिए | (11,749,902,685) | (4,423,265,184) |
| (स) | अन्य चालू परिसम्पत्तियों में कमी/(बढ़ोतरी) के लिए | (1,032,197,430) | (15,209,961) |
| (द) | अल्पावधि ऋणों एवं अग्रिमों में कमी/बढ़ोतरी के लिए | (68,659,659) | (15,971,425) |
| (य) | अल्पावधि उधारी में बढ़ोतरी/कमी के लिए | (2,000,000,000) | 2,000,000,000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (र) | अन्य चालू दायित्वों में बढ़ोतरी/कमी के लिए | 3,802,924,950 | 4,735,582,225 |
| | **परिचालन से नकद उत्पत्ति** | (3,464,113,249) | 5,863,918,853 |
| | करों का भुगतान | – | – |
| | नकद प्रवाह–असमान्य मदों से पूर्व | (3,464,113,249) | 5,863,918,853 |
| | घटाये : स्थायी परिसम्पत्तियों की चोरी से हानि | 84,964 | – |
| | **परिचालन क्रियाकलापों से पूर्व शुद्ध नकद रोकड प्रवाह (अ)** | (3,464,198,213) | 5,863,918,853 |
| (ब) | **विनियोजन क्रियाकलापों में नकद प्रवाह** | | |
| (अ) | मूर्त परिसम्पत्तियों में कमी/बढ़ोतरी | (5,563,073,576) | (7,428,981,978) |
| | (i) मूर्त परिसम्पत्तियां समायोजित/घटाया | 984,659,500 | 706,587,091 |
| | (ii) ह्रास कोष का समायोजित/घटाना | (336,973,638) | (256,643,974) |
| (ब) | मूर्त परिसम्पत्तियों में कमी/बढ़ोतरी | (12,527,650) | – |
| | (i) अमूर्त परिसम्पत्तियां समायोजित/घटाया | – | – |
| | (ii) ह्रास कोष समायोजित/घटाया | – | – |
| (स) | पूंजीगत कार्य प्रगति में कमी (बढ़ोतरी) | (5,603,184,510) | (7,253,022,246) |
| (द) | दीर्घावधि ऋण एवं अग्रिमों में कमी/बढ़ोतरी | (6,919,277,871) | (12,286,762,095) |
| (य) | प्राप्त ब्याज | 31,433,891 | 33,310,759 |
| | **विनियोजन गतिविधियों में शुद्ध नकद प्रयोग (उप योग) (ब)** | **(17,418,943,854)** | **(26,485,512,443)** |
| (स) | **वित्तीय क्रियाकलापों से नकद रोकड़ प्रवाह** | | |
| (अ) | उधारी से प्राप्ति (शुद्ध) | 16,414,347,197 | 17,966,227,575 |
| (ब) | अंश पूंजी से प्राप्ति | 41,419,600,000 | – |
| (स) | अंश आवेदन धनराशि से प्राप्ति | (33,419,600,000) | 4,090,548,000 |
| (द) | अन्य दीर्घावधि दायित्व | (63,537,178) | 677,456,865 |
| (य) | उपभोक्ता अंशदान एवं शासन से प्राप्त सहायिकी | 305,428,309 | 1,218,920,406 |
| (य) | (i) परिशोधित धनराशि | (179,699,434) | (131,272,088) |
| (र) | ब्याज एवं वित्त प्रभार | (4,308,618,648) | (2,407,921,838) |
| | **विनियोजन क्रियाकलापों से शुद्ध रोकड़ प्रवाह (स)** | **20,167,920,246** | **21,413,958,920** |
| | नकद एवं नकद समतुल्य से शुद्ध रोकड़/रोकड़ | (715,221,821) | 792,365,330 |

| | | |
|---|---|---|
| समतुल्य (अ+ब +स) | | |
| नकद एवं नकद समतुल्य वर्ष के प्रारम्भ में | 4,324,422,575 | 3,532,057,245 |
| नकद एवं नकद समतुल्य वर्ष के अन्त में | 3,609,200,754 | 4,324,422,575 |

**नकद रोकड़ प्रवाह पर टिप्पणियां**

| | | |
|---|---|---|
| (i) नकद एवं नकद समतुल्य वर्ष के अंत में | | |
| नकद हाथ में | 638,205 | 550,271 |
| बैंक में अवशेष | | |
| (i) चालू एवं अन्य खाते में | 1,694,477,263 | 2,297,477,784 |
| (ii) सावधि जमा में | 1,914,085,286 | 2,026,394,520 |
| **योग** | **3,609,200,754** | **4,324,422,575** |

(ii) लेखीय मानक–3 के अनुसार इस विवरण को अप्रत्यक्ष रूप से बनाया गया है।

(iii) आर्थिक चिट्ठे की टिप्पणी–8 के अनुसार इसमें रु0 22,765,396/– पूर्व वर्ष के लिए भारित (पूर्व वर्ष रु0 112576685) सम्मिलित है।

(iv) नकद एवं नकद समतुल्य में नकद हाथ में चालू एवं अन्य खातो तथा बैंको के पास सावधि जमा सम्मिलित है।

(v) इस विवरण में आंकड़ों को निकटतम रूपये तक पूर्णांकित किया गया है।

(vi) पूर्व वर्ष के आंकडो का पुन वर्गीकरण/एकीकरण एवं दोबारा गणना की गयी है।

| आभा सेठी टण्डन | डा॰ उमा कान्त यादव | ए.के॰ गुप्ता | एस.के॰ अग्रवाल | कामरान रिजवी |
|---|---|---|---|---|
| कम्पनी सचिव (अंशकालिक) | उप महाप्रबन्धक (लेखा) | महाप्रबन्धक (लेखा) | निदेशक (वित्त) | अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक |

इसी तिथि की हमारी रिर्पोट की शर्ताधीन
**कृते राजीव नन्दन एण्ड कं.**
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स
**पवन कुमार अग्रवाल**
साझीदार
एम॰नं॰ 073070
एफ॰आर॰नं॰ 003347सी

स्थान : लखनऊ
दिनांक : 17–04–2014

राजीव नन्दन एण्ड क॰
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स

मुख्यालय
301 ए, द्वितीय तल,
गोविन्दा अपार्टमेन्ट
1–अ, शाहनजफ रोड, लखनऊ

# सम्प्रेक्षकों का प्रतिवेदन

सेवा में,
सदस्यगण
उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड
(पूर्व नाम उत्तर प्रदेश विद्युत व्यापार निगम लि.)
लखनऊ

## वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट :

1. हमने उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि॰ लखनऊ के 31 मार्च, 2013 के वित्तीय विवरणों एवं उस तिथि को समाप्त संलग्न लाभ हानि खाते का सम्प्रेक्षण किया है, जिन्हें हमने इस रिपोर्ट के सन्दर्भ में हस्ताक्षरित किया है जिसमें ऋण एवं निधियों के हमारे द्वारा सम्प्रेक्षित इकाइयों के लेखे एवं चार पारेषण परिक्षेत्रों, जो जिनका सम्प्रेक्षण क्रमशः सम्बन्धित शाखा सम्प्रेक्षकों द्वारा किया गया है, को समाविष्ट किया गया है। इन वित्तीय विवरणों के लिए कम्पनी का प्रबन्धन उत्तरदायी है। हमारा उत्तरदायित्व अपनी सम्प्रेक्षण के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर अपना अभिमत व्यक्त करना हैं।

## वित्तीय विवरणों के लिए प्रबन्धन का उत्तरदायित्व :

2. प्रबन्धन इन वित्तीय विवरणों को बनाने हेतु उत्तरदायी है जो कि कम्पनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय सम्पादन एवं नकद प्रवाह हेतु कम्पनी अधिनियम, 1956 (अधिनियम) के उपनियम 3(स) नियम–211 में दिये गये लेखीय मानकों के अनुरूप कम्पनी की यथार्थ एवं स्वच्छ स्थिति दर्शाता है। इस उत्तरदायित्व में वित्तीय विवरणों को बनाने एवं प्रस्तुत करने, प्रभावकारी रूप से पूर्ण करने एवं आन्तरिक नियंत्रण को प्रतिपादित करने के अवयव सम्मिलित हैं, ताकि वे यथार्थ एवं स्वच्छ स्थिति दर्शायें जो कि धोखाधड़ी या अशुद्धि के कारण मिथ्या वर्णनों से रहित हों।

## सम्प्रेक्षकों का उत्तरदायित्व

3 हमारा उत्तरदायित्व हमारे सम्प्रेक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर अपना अभिमत व्यक्त करना है। हमने अपना सम्प्रेक्षण इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स ऑफ इण्डिया द्वारा जारी सम्प्रेक्षा मानकों के अनुसार किया हैं। यह मानक अपेक्षा करते हैं कि हम आचार नियामावली का पालन करें तथा सम्प्रेक्षा की कार्ययोजना इस प्रकार बनायें कि हम आश्वस्त हो सकें कि वित्तीय विवरण मिथ्या वर्णन से रहित हैं।

4 सम्प्रेक्षण उस क्रिया का होना संकेत करता है जो वित्तीय विवरणों में धनराशियों एवं प्रकटनों को सम्प्रेक्षक प्रमाण लेते हैं। अपनायी गयी कार्यविधियाँ सम्प्रेक्षक के अनुमान पर आधारित होती हैं जिसमें वित्तीय विवरणों में धोखा–धड़ी या छल कपट के कारण महत्वपूर्ण मिथ्या वर्णनों के आंकलन में सन्देह रहता है। ऐसे सन्देहपूर्ण निर्धारण करने में सम्प्रेक्षक यह सोचते है कि कम्पनी के वित्तीय विवरणों को तथ्यपरक रूप से तैयार करें, ताकि सम्प्रेक्षा की कार्यविधि उन स्थितियों में संगत हों। सम्प्रेक्षा में अपनायी गयी लेखीय नीतियों की तर्कसंगता का मूल्यांकन तथा प्रबन्धन द्वारा लेखीय अनुमानों की युक्तियुक्त एवं समग्र रूप से वित्तीय विवरणों की दर्शनीयता भी सम्मिलित होती है।

5. हम विश्वास करते है कि हमारे द्वारा प्रस्तुत सम्प्रेक्षा प्रमाण, पर्याप्त एवं उचित है जो हमारे सम्प्रेक्षा अभिमत का आधार प्रस्तुत करता है।

6. हम अग्रेतर सूचित करते हैं –

(अ) कोष एवं आधिक्य में पुनर्संरचना खाते में वर्ष के अन्त में रु॰ 180.72 करोड़ का अवशेष है। यह दिनांक 01.04.2007 को खाता बहियों के अनुसार ईकाइवार परिसम्पत्तियों एवं दायित्वों के अवशेषों के योग एवं उ॰प्र॰ राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित गजट अधिसूचना सं0 2974/XXIV–पी–2–2010 दिनांक 23-12-2010 में दी गयी अन्तरण योजना में दिये गये अवशेषों के जोड़ में अन्तर के कारण है। कथित अन्तरण योजना अन्तिमीकरण हेतु लम्बित है जो वित्तीय विवरणों में दिये गये परिसम्पत्तियों एवं दायित्वों की स्थिति को परिवर्तित कर सकती है टिप्पणी 26 ब के प्रस्तर–1(सी) का सन्दर्भ ग्रहण करें।

(ब) टिप्पणी सं॰ 26अ मे दी गयी लेखीय नीति के अनुसार वर्ष का पारेषण राजस्व को दर सूची 0.1740 के॰वी॰एच॰ के आधार पर मान्यता दी गयी है संख्या 5 (जैसा कि टिप्पणी सं॰ 26ब) के प्रस्तर सं॰ 8 में इंगित है जिसे यू॰पी॰ई॰आर॰सी॰ द्वारा ऊर्जा के अन्तर राज्यीय पारेषण हेतु अनुमोदित किया गया है।
पारेषण दर सूची में, जैसा कि ऊपर दिया गया है, जिसे यू॰पी॰ई॰आर॰सी॰ द्वारा अनुमोदित किया गया है एवं दर सूची, जो है, जिसे यू॰पी॰ई॰आर॰सी॰ को प्रस्तुत सम्प्रेक्षित लेखों के आधार पर ट्रू–अप स्थिति के अनुसार निर्धारित अनुमोदित किया गया है में अन्तर का लेखांकन यू॰पी॰ई॰आर॰सी॰ के निर्णय के अनुसार किया जायेगा।

(स) चालू परिसम्पत्तियों, चालू ऋण एवं अग्रिम, व्यापारिक प्राप्यों, अन्य चालू परिसम्पत्तियों, असंरक्षित ऋणों, चालू एवं गैर चालू दायित्वों, (यू॰पी॰पी॰सी॰एल॰ एवं डिस्काम्स के अवशेषों को सम्मिलित करते हुए) भण्डार सूची एवं कल पुर्जे, भंडार पारगमन में/निरीक्षण में/ठेकेदारों निर्माणकर्ताओं के पास पड़े हुए भंडार पुष्टिकरण, सत्यापन, समाधान एवं अनुवर्ती समायोजन, यदि कोई हो, कि शर्ताधीन होंगे। किसी पर्याप्त सूचना के अभाव में हम इन अवशेषों की वसूली या अन्यथा के विषय में कोई अभिमत नहीं दे सकते।

(द) कम्पनी ने ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं (पूंजीगत एवं ओ॰ एण्ड एम॰ कार्यों) एवं अन्य प्राप्यों के सम्बन्ध में किसी प्रावधान को करने की प्रक्रिया बन्द कर दी है क्योंकि चालू होने के वर्ष से वर्ष 2011–12 तक किसी अशोध्य ऋणों के प्रकरण सूचित नहीं है जिसके फलस्वरूप चालू वर्ष के लाभ को रु॰ 27.25 करोड़ से अधिक दर्शाया गया है/था (टिप्पणी 26 ब के प्रस्तर 2(अ) एवं 2(व) का संदर्भ लें)

(य) ''अन्तर इकाई अन्तरण'' में रु॰ 97.53 करोड़ का अवशेष ('अन्य चालू परिसम्पत्तियाँ आर्थिक चिट्ठे की टिप्पणी संख्या 16) अन्तर इकाई अवशेष के असमाधानित अवशेष को दर्शाता है। अन्तर इकाई अवशेष, जैसा कि प्रबन्धन द्वारा सूचित किया गया है, समाधान की प्रक्रिया में है (टिप्पणी 26(ब) के प्रस्तर 4(अ) का सन्दर्भ लें)

(र) यू॰पी॰पी॰सी॰एल॰ एवं डिस्काम का अंतर कारपोरेट अवशेष रू0 53.12 करोड़ (पूर्व वर्ष में रू॰ 91.57 करोड़) जो आर्थिक चिट्ठे में ''अन्य चालू दायित्वों'' टिप्पणी सं॰–7 के अन्तर्गत दिखाया गया है, समाधान की प्रक्रिया में है। (टिप्पणी 26ब के प्रस्तर 4(ब) का सन्दर्भ लें)

(ल) यह पाया गया कि पक्षवार सहायक लेखा बहियों के रख–रखाव एवं इनके मौलिक बहियों से मिलान का कार्य प्रभावकारी है।

(व) जैसा कि प्रबंधन द्वारा सूचित किया गया है माइक्रो, लघु एवं मध्यम उपक्रमों के विरूद्ध, जैसा कि एस॰एस॰एम॰ई॰डी॰ अधिनियम, 2006 में परिभाषित है, के विरूद्ध कोई उत्तरदायित्व नहीं है तथा इन उपक्रमों द्वारा कोई ब्याज का दावा भी नहीं किया गया है। (टिप्पणी 26ब के प्रस्तर 7 का सन्दर्भ लें)

(क्ष) टिप्पणी संख्या 19 के प्रस्तर 26ब में सन्दर्भित आकस्मिक दायित्व कम्पनी द्वारा दिये गये विवरण के अनुसार है जिन पर इसी तरह हमने विश्वास कर लिया।

(त्र) पारेषण (पूर्व) इलाहाबाद परिक्षेत्र के शाखा सम्प्रेक्षकों द्वारा सूचित ''नकद एवं बैंक अवशेष (टिप्पणी सं॰ 14 आर्थिक चिट्ठे में नकद एवं नकद समतुल्य 80000.00 की सावधि जमा ई॰टी॰एल॰ई॰यू॰ इकाई के सम्बन्ध

में पूर्व जोन के शाखा सम्प्रेक्षकों के समक्ष एफ॰डी॰आर॰ प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया जा सका तथा कम्पनी द्वारा प्रोद्भूत ब्याज हेतु कोई प्रावधान भी नहीं किया गया।

(ज्ञ) भूमि/भूमि के मालिकाना हक, भूमि अधिकार एवं भवनों के विलेखों के प्रमाण पत्र समग्र रूप से परिक्षेत्रों की सम्बन्धित इकाई द्वारा रखे जाते हैं इसलिए हमने जोनल सम्प्रेक्षकों द्वारा किये गये सत्यापन पर विश्वास कर लिया है जहाँ इलाहाबाद परिक्षेत्र के सम्प्रेक्षकों द्वारा सूचित किया गया है कि इस सम्बन्ध में यथोचित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये।

7. <u>लेखीय मानकों का अपालन</u>

(अ) अन्तर राज्यीय पारेषण के मामलो में राजस्व की मान्यता, ऊर्जा के पारेषण /खुली पहुंच नकद आधार है जो लेखीय मानक (ए॰एस॰) 9 ''राजस्व मान्यता के अनुरूप नहीं है (टिप्पणी–26ए की लेखीय नीति 5(अ) को सन्दर्भित करें।)

(ब) अवकाश नकदीकरण का लेखांकन वर्ष में प्राप्त हुए अनुमोदित दावों के आधार पर किया जाता है न कि बीमांकक मूल्यांकन के अनुसार (टिप्पणी सं॰ 26ए की लेखीय नीति 7(ब) एवं टिप्पणी 26ब के प्रस्तर 12(ब) को संदर्भित करें।) कर्मचारियों के पेन्शन एवं ग्रेच्युटी का प्रावधान बीमांकक मूल्यांकन दिनांक 09.11.2000 के आधार पर किया गया है। अग्रेतर मूल्यांकन रिपोर्ट दिनांक 09.11.2000 केवल 3 वर्ष के लिए वैध थी लेकिन वही रिपोर्ट 2013 के प्रावधान किये जाने के लिए भी चलन में है, (टिप्पणी 26 अ की लेखीय नीति 7(अ) एवं टिप्पणी 26(ब) के प्रस्तर 12(अ) का सन्दर्भ लें।)

इन कर्मचारी लाभों का लेखांकन लेखीय मानक (ए एस)15 में निर्धारित कर्मचारी लाभ (2005 संशोधित) के अनुसार नहीं किया गया है।

(स) कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 383ए मे दी गयी आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं किया हैं। कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 383 ए की आवश्यकतानुसार तथा कम्पनी (सचिव स्थिति की नियुक्ति एवं अहर्ताओं) रूल्स 1988, सभी सम्पत्तियों जिनकी पूंजी 2 करोड़ से कम नहीं है, एक पूर्णकालिक कम्पनी सचिव रखेगी। किन्तु यू॰पी॰पी॰टी॰सी॰एल॰ ने कम्पनी अधिनियम की इस धारा का अनुपालन नहीं किया है तथा कम्पनी के अन्तिम खाते एक अंशकालिक कम्पनी द्वारा हस्ताक्षरित किये जा रहे हैं। यह टिप्पणी सी॰ए॰जी॰ द्वारा वर्ष 2010–11 से की जा रही है किन्तु कम्पनी सचिव द्वारा कोई सुधारात्मक कार्यवाही अभी तक नहीं की गयी है।

(द) कम्पनी द्वारा उपलब्धता एवं निकट भविष्य में निरन्तर सारगर्भित आय के सम्बन्ध में किये गये प्रकटन के सन्दर्भ में लेखीय मानक–22 के अनुसार आस्थगित टैक्स के लेखांकन ''आय पर टैक्सों का लेखांकन'' प्रबन्धन द्वारा नहीं किया गया है।

(य) कम्पनी ने लेखीय मानक (एस–28) परिसम्पत्तियों का क्षरण की आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं किया है। जैसा कि प्रबन्धन द्वारा सूचित किया गया है कि अनुलग्नक–III विद्युत नियम 1985 के लेखीय सिद्धांतों एवं प्रावधानों के अनुसार स्थायी परिसम्पत्तियों को ऐतिहासिक लागत पर अभिलिखित किया जायेगा तथा परिसम्पत्तियों का उनकी प्रतिस्थापन या चालू लागत से कोई पुनर्मूल्यांकन नहीं किया जायेगा (टिप्पणी 26ब के प्रस्तर 17 का सन्दर्भ लें)

8 पूर्ण सूचना के अभाव में प्रस्तर 6 एवं 7 एवं इस रिपोर्ट के अनुलग्नक में हमारी टिप्पणियों का संचयी प्रभाव कम्पनी के खातों पर अभिनिश्चित नहीं किया जा सकता।

9. कम्पनी के वित्तीय विवरण परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालयों के सम्प्रेक्षित तलपटों को समाविष्ट करके बनाये गये हैं। हमने शाखा सम्प्रेक्षकों के सम्बन्धित परिक्षेत्रों के कम्पनी अधिनियम, 1956 की संशोधित अनुसूची VI के अनुपालन की आवश्यकताओं के अनुसार कम्पनी के वित्तीय विवरणों पर असमाधानित टिप्पणी दी है।

10. शाखा सम्प्रेक्षकों ने अपना अभिमत व्यक्त किया है और परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालयों के 31 मार्च, 2013 के तलपटों पर अपनी सम्प्रेक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की है।
11. हमारे अभिमत में हमारे सम्प्रेक्षण के आशय से जिन शाखाओं मे हम निरीक्षण नहीं कर पाये, उनसे यथोचित रिपोर्ट प्राप्त हो गयी है, शाखा सम्प्रेक्षकों की आख्या हमें प्रेषित कर दी गयी है तथा इन्हें समुचित रूप से हमारी आख्या बनाते समय विचारित किया गया है।
12. कम्पनी मामलों के विभाग के परिपत्र संख्या 8/2002 के परिप्रेक्ष्य में, कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 274(1)(1जी) के अनुसार निर्देशको की अयोग्यता के प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं होते हैं।

**अभिमत**

हमारे अभिमत में तथा हमारी पूर्ण जानकारी के अनुसार तथा हमें दिये गये स्पष्टीकरणों के अनुसार वित्तीय विवरण अपेक्षित सूचना अपेक्षित तरीके से भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखीय सिद्धान्तों के अनुरूप सत्य एवं यथार्थ स्थिति दर्शाते हैं

(i) आर्थिक चिट्ठे के मामले में दिनांक 31.03.2013 को कम्पनी के क्रियाकलापों की स्थिति।
(ii) उसी अवधि को समाप्त लाभ/हानि खाते के मामले में लाभ/हानि की स्थिति।
(iii) रोकड़ प्रवाह विवरण के मामले में, उस तिथि को समाप्त रोकड़ प्रवाह विवरणों की स्थिति।

**अन्य विधिक मामलों एवं नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट**

